[19/7/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 4216]

कार्यालय नगरपालिका परिषद,नीमच जिला नीमच (म.प्र.)

क्रमांक–322 /लोक निर्माण/2024

प्रति. नीमच,दिनांक 06/6/24

सूचना पत्र

मे. अनुराग एण्ड संस
बंगला नं. 47, नियर दशपुर एक्सप्रेस,
नीमच जिला नीमच
ई.मेल– dineshgoyalnmh@gmail.com
मो.नं. 9425106370

विषयः– गुख्यमंत्री अधोसरंचना अंतर्गत नीमचसिटी सांवरिया नाला मंदिर के पास नाला सफाई एवं सोन्दर्यीकरण कार्य ।

संदर्भः– कार्यादेश कमांक 11 दिनांक 06.04.2023 ।

–00–

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है आपको विषयांकित कार्य करने हेतु संदर्भित कार्यादेश जारी किया गया था । जिसके अनुकम में आपके द्वारा नाले की सफाई कार्य किया गया तथा ब्रिज व रिर्टनिंग वाल बनाने हेतु नाले के बीच में मिट्‌टी डालकर नाले को बंद किया गया है । आपके द्वारा यह कार्य ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ कर बीच में ही अंधूरा छोड़ दिया गया है । जिसके संबंध में निकाय के यंत्रियों द्वारा आपको बार–बार कार्य वर्षाऋतु से पूर्व करने हेतु निर्देशित किया गया था । लेकिन आपके द्वारा लंबे समय से कार्य बंद कर रखा है । वर्तमान में वर्षा ऋतु शीघ्र प्रारंभ होने वाली है । नाले में मिट्‌टी के ढेर से पानी का बहाव अवरूद्ध होने की पूर्ण संभावना है । जिसके कारण समीप की निचली बस्तीयों में भी जल भराव की स्थिति निर्मित हो सकती है ।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि तत्काल तीन दिवस में नाले के बीच में डाली गई मिट्‌टी हटावे, जिससे नाले में बहने वाले पानी अवरूद्ध ना हो । जलभराव की स्थिति में यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसकी समस्त जवाबदारी आपकी होगी तथा आपके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी ।

सूचित होवे ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, नीमच

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग

सहायक यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास
म.प्र. भोपाल

Scanned with OKEN Scanner